**Boeing Aerostructures Australia**
226 Lorimer Street
Private Bag 4
Port Melbourne, Victoria 3207
Australia
Tel: 61 3 9647 3111  Fax: 61 3 9646 2253

20 May 2021

सेवा में: नाथन टुडेनहम (AMWU), क्रिस्टोफर स्पिंडलर (AMWU), मेलिसा कैडवेल (प्रोफेशनल्सऑस्ट्रेलिया), दक्षिणी कोडी (स्व-प्रतिनिधित्व वाले वार्ता प्रतिनिधि), मार्को बियासिज़ो (AMWU), डेरियो राडाकोविच (AMWU), मेलिंडा सिक्क (AMWU), कीथ बैडॉक (प्रोफेशनल्सऑस्ट्रेलिया), जोसिप व्रबेटिक (प्रोफेशनल्सऑस्ट्रेलिया)

<Issued in person. Copy via email>

प्रिय वार्ताकार(बार्गेनिंग) प्रतिनिधियो,

**आरई बोइंग एयरोस्ट्रक्चर्स ऑस्ट्रेलिया एंटरप्राइज समझौता बातचीत (एग्रीमेंट नेगोशिएशन्स) 2021**

हम *बोइंग एयरोस्ट्रक्चर्स ऑस्ट्रेलिया प्राइवेट लिमिटेड (पोर्ट मेलबर्न) एंटरप्राइज एग्रीमेंट 2018* ***(वर्तमान EA)*** के स्थान पर *बोइंग एयरोस्ट्रक्चर्स ऑस्ट्रेलिया प्राइवेट लिमिटेड (पोर्ट मेलबर्न) एंटरप्राइज एग्रीमेंट 2021* ***(नया EA)*** लाने के लिए होने वाली बातचीत का उल्लेख कर रहे हैं।

बीएए (BAA) ने इस बात पर ध्यान दिया है कि बातचीत की बैठकों में प्रगति धीमी रही है, और पक्ष केवल कुछ ही क्लेम आइटम्स (दावा वस्तुओं) की एक छोटी संख्या की सहमति तक ही पहुंच पाये हैं, कई अन्य क्लेम आइटम्स (दावा वस्तुओं) अभी भी बकाया हैं। आगे बढ़ने के लिए और बीएए (BAA) की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए, हम बिना किसी पूर्वाग्रह के, एक नए ईए (EA) के लिए बातचीत प्रक्रिया के हिस्से के रूप में निम्नलिखित समेकित प्रस्ताव को एक पैकेज के रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं।

**सामान्य**

हमने ध्यान दिया है कि पक्ष(पार्टियां) निम्नलिखित मदों के मामले में सहमति पर पहुंच गये हैं:

1. यात्रा अवधि भुगतान - अंतरराष्ट्रीय और घरेलू यात्रा।

2. हीट स्ट्रेस (ऊष्मा दबाव) - सामान्य घंटों के प्रसार में परिवर्तन।

3. यह समझना कि ईए(EA) में ऐसे खंड हैं जिन्हें सरलता/स्पष्टता के लिए व्यवस्थित करना आवश्यक है।

**विवरण**

बीएए(BAA) आगे इन पर सहमत हैं:

4. बीएए(BAA) के बंद होने या दिवालिया होने की स्थिति में कर्मचारी की पात्रताओं के लिए एक गारंटी पत्र जारी करना जो नए ईए(EA) की अवधि के लिए वैध होगा और जो वर्तमान ईए(EA) में दी गई समान या समरूप शर्तों के अनुरूप होगा।

5. नए ईए(EA) के तहत, पेशेवर इंजीनियरों के मूल्यांकन, पंजीकरण और चल रहे पंजीकरण नवीनीकरण के खर्च को शामिल(कवर) करना, ताकि हाल के विक्टोरियन कानून का पालन किया जा सके, लेकिन इसकी सीमा कर्मचारी के लिये अपनी स्थिति का प्रदर्शन करने के लिये वांछित मूल्यांकन, पंजीकरण और नवीनीकरण तक होगी।

बीएए(BAA) ने अपने दावों की सूची की समीक्षा की है और बातचीत में प्रतिक्रिया के जवाब में, बीएए(BAA) ने कई क्लेम आइटम्स( दावा मदों) पर अपनी स्थिति के बारे में विचार किया है। इस समेकित पैकेज के हिस्से के रूप में, बीएए(BAA) निम्नलिखित को जारी रखना चाहता है:

6. 4 साल का समझौता।

7. नए ईए (EA) से हीट स्ट्रेस पॉलिसी को हटाकर पॉलिसी दस्तावेज में स्थानांतरित किया जाना है। नीति दस्तावेज को वार्ता के हिस्से के रूप में अंतिम रूप दिया जाना है और किसी भी बदलाव का प्रस्ताव रखे जाने पर इसे केवल सलाहकार समिति सदस्यों की बहुमत सहमति से ही बदला जा सकता है।

8. पक्षों(पार्टियों) को इस बात से सहमत होना होगा कि किसी कर्मचारी को 110% एयरोस्पेस ट्रेडपर्सन के पुनर्वर्गीकरण के लिए विचार किये जाने का पहला कदम यह होगा कि इसकी 110% के लिए व्यवसायिक आवश्यकता है। पक्षों(पार्टियों) को नए ईए (EA) में इसे दर्शाने के लिए रचनात्मक रूप से काम करना होगा।

9. बर्खास्तगी भुगतान पर बीएए (BAA) दावों को स्वीकार किया जाना है। नए ईए (EA) के तहत, निम्नलिखित लागू होंगे:

- सेवा के प्रति वर्ष के लिए वेतन की सामान्य दर पर 3 सप्ताह के वेतन का बर्खास्तगी भुगतान;
- बर्खास्तगी भुगतान वेतन की सामान्य दर पर 60 सप्ताह (नोटिस अवधि को छोड़कर) के वेतन तक सीमित है;
- अतिरिक्त नोटिस अवधि इस प्रकार होगी:

| **निरंतर सेवा की अवधि** | **न्यूनतम नोटिस अवधि** |
|---|---|
| 1 वर्ष या उससे कम | 1 सप्ताह |
| 1 वर्ष से अधिक, 3 वर्ष तक | 2 सप्ताह |
| 3 वर्ष से अधिक, 5 वर्ष तक | 3 सप्ताह |
| 5 वर्ष से अधिक | 4 सप्ताह |

- 45 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारी जिन्होंने नोटिस प्राप्त होने के समय पर कम से कम दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उन्हें एक अतिरिक्त सप्ताह का नोटिस दिया जाता है।

10. लंबे सेवा अवकाश पर बीएए(BAA) दावों को स्वीकार किया जाना है। नए ईए (EA) के तहत, अर्जित लेकिन न लिये गये लंबे सेवा अवकाश के लिए निम्नलिखित लागू होंगे:

- न्यूनतम 1 वर्ष की सेवा के बाद भुगतान यदि सेवा समाप्ति छंटनी के कारण है;
- बीमारी/चोट के कारण सेवा समाप्ति(टर्मिनेशन) होने पर कम से कम 5 वर्षों के बाद भुगतान;
- अन्यथा, 7 वर्षों के बाद भुगतान।

11. स्नातक इंजीनियरिंग वेतन (1A और 1B) निम्नानुसार कम किये जायेंगे

- इंजीनियर/वैज्ञानिक 1A वर्गीकरण वेतन नौकरी प्रारंभ होने पर $90,000 होगा;
- इंजीनियर/वैज्ञानिक 1बी वर्गीकरण वेतन नौकरी प्रारंभ होने पर $102,000 होगा;
- नए ईए (EA) के लागू होने से ठीक पहले इन वर्गीकरणों में बीएए (BAA) द्वारा वास्तविक आधार पर नियुक्त कर्मचारियों पर निम्नलिखित नियम लागू होंगे
    - पुराने नियमों के अनुसार 1A वर्गीकरण वेतन और वेतन नए ईए (EA) के तहत % वृद्धि के अनुरूप बढ़ता है;
    - पुराने नियमों के अनुसार 1B वर्गीकरण वेतन और वेतन नए ईए (EA) के तहत % वृद्धि के अनुरूप बढ़ता है;

यदि पुराने 1A और 1B वर्गीकरण वेतन वाला कोई कर्मचारी अब एक इंजीनियर/वैज्ञानिक 1A या 1B की भूमिका के अनुसार कार्य नहीं कर रहा है, तो इन कर्मचारियों के लिये पुरानी व्यवस्था लागू नहीं होगी।

12. सार्वजनिक अवकाश उपनियम को केवल यह प्रतिबम्बित करने के लिए संशोधित किया जाना है कि मेलबर्न में कर्मचारी किसी कैलेंडर वर्ष में सार्वजनिक अवकाश राजपत्रित अवकाश के लिए लागू नियमों के अनुसार केवल वेतन के साथ काम से अनुपस्थित रह सकते हैं। शो डे अब सार्वजनिक अवकाश के रूप में सूचीबद्ध नहीं है या इसे इस प्रकार प्रदान नहीं किया जाएगा।

13. इंडिविजुअल फ्लेक्सिबिलिटी अरेंजमेंट्स(व्यक्तिगत लचीलेपन की व्यवस्था) (**IFA**) उपनियम में संशोधन किया जाएगा ताकि किसी भी व्यक्ति को उपनियम के अनुरूप अपने घंटों के फैलाव को बदलने की अनुमति मिल सके।

14. वार्ता करने वाले प्रतिनिधि उन अनुच्छेदों /धाराओं को व्यवस्थित करने के लिए कुशलतापूर्वक और सहकारी रूप में काम करना जारी रखेंगे जो पात्रता को नहीं बदलते हैं लेकिन स्पष्टता प्रदान करते हैं और समझौते के सरलीकरण में सहायता करते हैं।

समेकित प्रस्ताव के एक हिस्से के रूप में, बीएए (BAA) निम्नलिखित दावों को और आगे न बढ़ाने के लिए सहमत है जो बीएए की दावों की सूची में शामिल थे:

15. पेरोल सुधार (रेडबुक) को हटाने का दावा;

16. विशेष अवकाश को हटाने का दावा;

17. व्यक्तिगत अवकाश कम करने का दावा;

18. टीम लीड भत्ते को एक समान दर में बदलने का दावा;

19. मौजूदा ईए (EA) में स्थिति विवरणों में संशोधन के लिए कर्मचारी प्रतिनिधि समझौते की आवश्यकता वाले अनुच्छेद /धारा को हटाने का दावा।;

इसके बदले में, कर्मचारी वार्ताकार प्रतिनिधि (AMWU, प्रोफेशनल्स ऑस्ट्रेलिया और स्व-प्रतिनिधित्व वाले वार्ताकार प्रतिनिधि) अपनी संबंधित दावों की सूची में से शेष वस्तुओं पर ज़ोर न देने के लिए सहमत हैं।

एक पैकेज के रूप में उपरोक्त समेकित प्रस्ताव को वार्ताकार प्रतिनिधियों द्वारा स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए, बीएए (BAA) निम्नलिखित वार्षिक वेतन वृद्धि की पेशकश करता है:

20. वेतन वृद्धियां

| | |
|---|---|
| नए ईए की परिचालन तिथि | 0% |
| परिचालन तिथि के 12 महीने बाद | 1.25% |
| परिचालन तिथि के 24 महीने बाद | 1.25% |
| परिचालन तिथि के 36 महीने बाद | 1.25% |

बीएए (BAA) फिर से दोहराता है कि यह प्रस्ताव एक पैकेज के रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

अंत में, हम यह ध्यान दिलाना चाहते हैं कि बीएए (BAA) इन वार्ताओं में किसी भी बैक पे (वापसी भुगतान) व्यवस्था के लिए किसी भी प्रस्ताव के लिए सहमत नहीं होगा।

भवदीय,

**मैट जोन्स**
नेगोसिएशन लीड
बोइंग एयरोस्ट्रक्चर्स ऑस्ट्रेलिया